**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–19.01.2025 (दोपहर–1455 बजे)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि देश अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में नए मानक स्थापित कर रहा है, दूरदर्शी वैज्ञानिक और नवप्रवर्तक भविष्य की चुनौतियों का समाधान प्रदान कर रहे हैं। आज आकाशवाणी पर अपने मन की बात कार्यक्रम की 118वीं कड़ी में राष्ट्र को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने अंतरिक्ष क्षेत्र में देश की हालिया उपलब्धियों की सराहना की। देश के पहले निजी उपग्रह समूह फायरफ्लाई को सफलतापूर्वक लॉन्च करने के लिए बेंगलुरु स्थित भारतीय अंतरिक्ष–तकनीक स्टार्ट–अप, पिक्सेल की सराहना करते हुए, प्रधान मंत्री ने इसे आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा, यह उपलब्धि आधुनिक अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में अग्रणी के रूप में भारत की स्थिति को उजागर करती है और निजी अंतरिक्ष क्षेत्र की बढ़ती ताकत और नवाचार को दर्शाती है।

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ पर प्रधानमंत्री ने कहा, यह समता और सद्भाव का अद्भुत संगम है. उन्होंने कहा, कुंभ विविधता में एकता का त्योहार मनाता है और लोग संगम की रेत पर एकत्र होते हैं। उन्होंने कहा, कुंभ में अमीर और गरीब एक साथ आते हैं और संगम में डुबकी लगाते हैं जो देश की एकता को दर्शाता है।

*******************

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने आज रांची रेलवे स्टेशन से कुंभ स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर राज्यसभा सांसद और पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश तथा हटिया रेल मंडल प्रबंधक जीएस बिंद्रा समेत रेलवे के कई अधिकारी मौजूद थे। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के नेता–कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में यात्री मौजूद थे। इस मौके पर संजय सेठ ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रांची से कुंभ स्पेशल ट्रेन चलाई गई है।

*******************

राज्य में भाजपा की ओर से संविधान गौरव यात्रा जारी है। इस अभियान के जरिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संविधान की 75वीं गौरवशाली यात्रा पर संसद में दिए गए, प्रेरणादायी भाषण को आम जनता तक पहुंचाया जा रहा है। इस दौरान कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। यह गौरव यात्रा 25 जनवरी तक चलेगी।

*******************

कोडरमा की सांसद और केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने अपने लोक सभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। उन्होंने राज्य सरकार से गिरिडीह जिला में नल से जल योजना में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

*******************

उत्तरी छोटानागपुर जोन के आईजी माइकल राज एस ने बोकारो पुलिस केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रिकॉर्ड संधारण सही तरीके से नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की। हमारे संवाददाता ने बताया कि बोकारो पुलिस केंद्र का आईजी स्तर के अधिकारी द्वारा 12 वर्षों बाद निरीक्षण किया गया है। वहीं, आईजी ने कहा, आवश्यक कागजात और रिकॉर्ड को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया है।

*******************

पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने राज्य के विभिन्न जेलों में बंद गैंगस्टर और उग्रवादियों को सहयोग करने वाले जेलकर्मियों की भूमिका की जांच करने का निर्देश दिया है। उन्होंने जेल आईजी से ऐसे जेलकर्मियों को चिह्नित कर उनकी सूची बनाने को कहा है, ताकि उनपर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सके।

*******************

रामगढ़ जिले में विभिन्न कार्यक्रमों के द्वारा लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

महिला हॉकी इंडिया लीग में आज ओडिशा वारियर्स और श्राची रार बंगाल टाइगर्स का मैच राउरकेला में खेला जाएगा।

******* *******